दिनांक 10.07.2020 को उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में आयोजित आत्मा शासकीय निकाय (ATMA Governing Board, AGB) की बैठक ( Sub Mission on Agriculture Extension (SMAE) under National Mission on Agriculture Extension and technology (NMAET) Scheme ) की कार्यवाही–

उपस्थिति– पंजी में संधारित

वित्तीय वर्ष 2020–21 अंतर्गत Sub Mission on Agriculture (SMAE) अन्तर्गत National Mission on Agriculture Extension and Technology (NMAET) की कार्य योजना–

**प्रस्ताव सं0– 01– किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम – अंतर राज्यीय / राज्यस्तरीय प्रशिक्षण** – अंतर राज्यीय / राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य शून्य है।

**जिला स्तरीय– 23**– जिला स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 (तेइस) इकाई 30 किसानों को चार दिवसीय प्रशिक्षण का लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए कुल रु0.8,28,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। विभिन्न कृषि तकनीकी विषयों पर आत्मा द्वारा सभी प्रखंड़ों में BTM/ATM द्वारा करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 02 – कृषि प्रत्यक्षण** – कृषि प्रत्यक्षण 232 (दो सौ बत्तीस) इकाई जिसके लिए रु0. 9,28,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। बैठक में शिमला मिर्च साथ ही अन्य बागवानी फसलों / सब्जीयों का प्रत्यक्षण करवाने का निदेश दिया गया।

**प्रस्ताव सं0– 03 – किसानों का परिभ्रमण कार्यक्रम** – (क) **अंतर राज्यीय परिभ्रमण** – अंतर राज्यीय परिभ्रमण कार्यक्रम का लक्ष्य शून्य है।

(ख) **राज्य स्तरीय परिभ्रमण– 01** – राज्य स्तरीय कृषक परिभ्रमण कार्यक्रम 01 (एक) इकाई 25 किसानों का पांच दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए रु0. 37,500.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। कृषि यांत्रिकरण विषय पर राज्य के जैसमीन, नगड़ी एवं हेहल संस्थान में परिभ्रमण करवाने का निर्णय बैठक में लिया गया।

(ग) **जिला स्तरीय परिभ्रमण – 37** – जिला स्तरीय कृषक परिभ्रमण कार्यक्रम 37 (सैंतिस) इकाई 30 किसानों को एक दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए रु0. 3,33,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। विभिन्न कृषि तकनीकी विषयों यथा उद्यान, मत्सय, गव्य, सहकारिता समिति व्यवस्था, FPO पर कार्यक्रम संपादित करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 04 – कृषकों का क्षमता विकास – कृषक अभिरुची समुह (FIG) – 36** – क्षमता विकास अन्तर्गत कृषक अभिरुची समुह (FIG) 36 (छत्तीस) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिये रु0. 1,80,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। जिसके अन्तर्गत BTM/ATM एवं सभी संबंधित विभागों से समूहों का चयन कर उनका प्रशिक्षण करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**सीड मनी (Seed Money) - 06** - सीड मनी (Seed Money) अन्तर्गत 05 (छः) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिये रु0. 50,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। आत्मा द्वारा BTM/ATM के माध्यम से कराने का का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही जिन समूहों को

सीड मनी दी जाएगी उनसे लिखित में लिया जाए कि इस राशि का उनके द्वारा किस काम में उपयोग किया जाएगा। साथ ही उन्हे कार्यालय को इस पैसे के उपयोग से हुए मुनाफे की जानकारी भी कार्यालय को उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ देनी होगी। अगर राशि का उचित प्रयोग नहीं किया जा है तो राशि की वसूली कर ली जाएगी। उक्त निदेश बैठक में दिया गया।

**खाद्य सुरक्षा दल [Food Security Group (only Female Group)] - 07–** खाद्य सुरक्षा समूह (Food Security Group)( मात्र महिला समूह हेतू) 07 (सात) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें रू. 70,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। आत्मा द्वारा BTM/ATM के माध्यम से कराने का का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही जिन समूहों को सीड मनी दी जाएगी उनसे लिखित में लिया जाए कि इस राशि का उनके द्वारा किस काम में उपयोग किया जाएगा। साथ ही उन्हे कार्यालय को इस पैसे के उपयोग से हुए मुनाफे की जानकारी भी कार्यालय को उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ देनी होगी। अगर राशि का उचित प्रयोग नहीं किया जा है तो राशि वसूली कर ली जाएगी। उक्त निदेश बैठक में दिया गया।

**प्रस्ताव सं0– 05 – किसान मेला–** किसान मेला 01 (एक) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए कुल रू. 4,00,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। पूर्व के वर्षो में सभी प्रखंड़ों में किसान मेला आयोजित किया जा चुका है। इसे देखते हुए परिस्थिति अनुरूप जिला स्तर पर या किसी प्रखंड़ में किसान मेला कराने हेतू प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 06** – Information Dissemination through Social Media, Leaflet Printing etc. and local advertisement – 05 unit- प्रचार–प्रसार, Leaflet Printing – 05 इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें रू.1,00,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। विषय सहकारिता व्यवस्था, जैविक कृषि, Nabard FPO, एवं सरकार की योजनाओं से संबंधित लिफलेट छपाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 07** – Development of technology package on electronic form to share IT network - 01 unit- Technology e-package इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 01 (एक) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए कुल रू. 20,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। जिसे दूरदर्शन से समन्वय स्थापित कर, विषय– जैविक कृषि, मत्सय, कृषि यांत्रिकरण एवं FPO पर video film बनाने की सहमति बैठक में प्रदान की गई।

**प्रस्ताव सं0– 08 – Farmer Scientist Interaction at Dist. Level- 2 unit.** – कृषक वैज्ञानिक अन्तर्मिलन कार्यक्रम 02 (दो) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें रू. 40,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। जिसे प्रखंड़ जारी एवं चैनपुर अथवा डुमरी में से किन्ही दो पर कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 09– Kisan Gosthi – 24 unit.-** किसान गोष्ठी 24 (चौबीस) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए रू. 3,60,000.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। आत्मा द्वारा BTM/ATM के माध्यम से के0भी0के0 संयुक्त सहयोग से सभी प्रखंडों में कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव सं0– 10– कृषक पाठशाला – 36 unit–** कृषक पाठशाला 36 (छत्तीस) इकाई का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए रु. 10,58,904.00 की राशि व्यय करने का प्रावधान है। जिसे कृषि एवं बागवानी फसलों/ सब्जीयों पर यथासंभव कार्यकम कराने का प्रस्ताव पारित हुआ।

**प्रस्ताव सं0 11 – अन्यान्य–**

- **प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के रिक्त पदों पर नियुक्ति –** प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतू विज्ञापन प्रकाशन हुए 01 वर्ष पूर्ण हो चुका है, अतः उसे रदद् करते हुए पुनः प्रकाशन कर नियुक्ति प्रकिया को पूर्ण करने का निदेश दिया गया है।

- **कार्यरत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक कार्य मुल्यांकन प्रस्ताव –** कार्यरत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक का कार्य मूल्यांकन के कम में उपलब्धि संतोषजनक पाया गया।

- **कार्यरत उप परियोजना निदेशक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल –सह– लिपिक के मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव–** नियमानुसार कार्यरत उप परियोजना निदेशक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल –सह– लिपिक के मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव पारित हुआ।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

परियोजना निदेशक
आत्मा, गुमला

उपायुक्त
गुमला।